**NEWS CLIPPING:17.01.2023**

# THE IMPRESSIVE TIMES

# Interactive Session held on Research Paper Writing and Publication

Urvashi Rana
info@impressivetimes.com



**FARIDABAD :** The Research and Development Cell of J C Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad today organized an interactive Session on Research Paper Writing and Publication. Dr. Deepa Madan from the University of Maryland, Baltimore, United States was an expert speaker in the interaction session. This session was a part of colloquium series started by the Research and Development Cell under the guidance of Vice-Chancellor Prof. Sushil Kumar Tomar for the promotion of research activities in the University. The objective of the session was to acquaint the participants, mainly the research scholars of the university with how to draft quality manuscripts for reputed journals. The session was presided over by Director (R&D) Dr. Naresh Chauhan. In her session, Dr. Deepa Madan shared important tips on research writing for prominent international research journals. She detailed the techniques for the writing of the research paper including abstract, introduction, experimental methods, results, discussion, and conclusion. She emphasized the novelty of research work and how to address existing challenges. She also explained how to write scholarly articles and publish them in quality indexed journals. He also shared his views on how to measure the impact of scientific research and research visibility. The session was coordinated by Dr. Sonia Bansal and Dr. Rajeev Saha. The session was well attended by the faculty and researchers of the University.

**DR. DEEPA MADAN SHARED IMPORTANT TIPS ON RESEARCH WRITING FOR PROMINENT INTERNATIONAL RESEARCH JOURNALS. SHE DETAILED THE TECHNIQUES FOR THE WRITING OF THE RESEARCH PAPER INCLUDING ABSTRACT, INTRODUCTION, EXPERIMENTAL METHODS, RESULTS, DISCUSSION, AND CONCLUSION.**

**NEWS CLIPPING:17.01.2023**

# PUNJAB KESARI

## जेसी बोस वि.वि के कुलपति प्रो. तोमर ने उच्च शिक्षा मंत्री को दी बधाई



फरीदाबाद, 16 जनवरी (सूरजमल/ पूजा): जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने आज हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंटवार्ता की और उन्हें उच्च शिक्षा मंत्री का नया कार्यभार मिलने पर बधाई दी। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हाल ही में मूलचंद शर्मा को उच्च शिक्षा विभाग आवंटित किया है, जो पहले से ही परिवहन, खान और भूविज्ञान और चुनाव विभाग संभाल रहे हैं। गौरतलब है कि हरियाणा सरकार ने हाल ही में उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा और विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विलय को उच्च शिक्षा विभाग के रूप में अधिसूचित किया है। इस अवसर पर कुलपति ने कैबिनेट मंत्री को विश्वविद्यालय की विकास गतिविधियों से अवगत करवाया और विश्वविद्यालय में आमंत्रित किया। मंत्री ने कहा कि जेसी बोस विश्वविद्यालय प्रदेश का प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय है और सरकार इस विश्वविद्यालय के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कुलपति को विश्वविद्यालय के विकास के लिए हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

**NEWS CLIPPING:17.01.2023**

# PIONEER

## जेसी बोस ने शोध पत्र लेखन विशेषज्ञ सत्र का आयोजन हुआ



**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ प्रकोष्ठ ने आज शोध पत्र लेखन और प्रकाशन पर संवाद सत्र का आयोजन किया। इस सत्र में मैरीलैंड विश्वविद्यालय, बाल्टीमोर (अमेरिका) से डॉ. दीपा मदान विशेषज्ञ वक्ता रहीं। यह सत्र विश्वविद्यालय के अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ द्वारा अनुसंधान गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई अकादमिक सेमिनार श्रृंखला का एक हिस्सा था, जोकि कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर की पहल पर शुरू की गई है। इस सत्र का का उद्देश्य प्रतिभागियों मुख्य रूप से विश्वविद्यालय के शोधार्थियों को प्रतिष्ठित शोध पत्रिकाओं के लिए गुणवत्तापूर्ण लेखन के तौर-तरीके से परिचित करवाना था। सत्र की अध्यक्षता निदेशक (आरएंडडी) डॉ. नरेश चौहान ने की। विशेषज्ञ सत्र में डॉ. दीपा मदान ने प्रमुख अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं के लिए शोध लेखन पर महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। उन्होंने सार, परिचय, प्रयोगात्मक विधियों, परिणाम, चर्चा और निष्कर्ष सहित शोध पत्र लिखने की तकनीकों का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने शोध कार्य की नवीनता और मौजूदा चुनौतियों का समाधान करने के तौर-तरीके पर बल दिया। उन्होंने यह भी बताया कि गुणवत्तापूर्ण लेख कैसे लिखे जाते हैं और उन्हें प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में कैसे प्रकाशित करवाया जाता है। सत्र का संचालन डॉ. सोनिया बंसल और डॉ. राजीव साहा द्वारा किया गया। इस सत्र में विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों तथा शोधकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

**NEWS CLIPPING:17.01.2023**

# AAJ SAMAJ

# प्रो. तोमर ने उच्च शिक्षा मंत्री को बधाई दी

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने आज हरियाणा के कैबिनेट मंत्री श्री मूलचंद शर्मा से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंटवार्ता की और उन्हें उच्च शिक्षा मंत्री का नया कार्यभार मिलने पर बधाई दी। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हाल ही में श्री मूलचंद शर्मा को उच्च शिक्षा विभाग आवंटित किया है, जो पहले से ही परिवहन, खान और भूविज्ञान और चुनाव विभाग संभाल रहे हैं। गौरतलब है कि हरियाणा सरकार ने हाल ही में उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा और विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विलय को ह्यउच्च शिक्षा विभागह्ण के रूप में अधिसूचित किया है। इस अवसर पर कुलपति ने कैबिनेट मंत्री को विश्वविद्यालय की विकास गतिविधियों से अवगत करवाया और विश्वविद्यालय में आमंत्रित किया। मंत्री ने कहा कि जे.सी. बोस विश्वविद्यालय प्रदेश का प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय है और सरकार इस विश्वविद्यालय के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

**NEWS CLIPPING:17.01.2023**

# PIONEER

## उच्च शिक्षा मंत्री को बधाई दी

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंटवार्ता की। उन्हें उच्च शिक्षा मंत्री का नया कार्यभार मिलने पर बधाई दी। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हाल ही में मूलचंद शर्मा को उच्च शिक्षा विभाग आवंटित किया है, जो पहले से ही परिवहन, खान और भूविज्ञान और चुनाव विभाग संभाल रहे हैं। गौरतलब है कि हरियाणा सरकार ने हाल ही में उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा और विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विलय को 'उच्च शिक्षा विभाग' के रूप में अधिसूचित किया है। इस अवसर पर कुलपति ने कैबिनेट मंत्री को विश्वविद्यालय की विकास गतिविधियों से अवगत करवाया और विश्वविद्यालय में आमंत्रित किया। मंत्री ने कहा कि जेसी बोस विश्वविद्यालय प्रदेश का प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय है और सरकार इस विश्वविद्यालय के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कुलपति को विश्वविद्यालय के विकास के लिए हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।